अमर उजाला 10/10/2024

विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण करवाया

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों को उद्योग भ्रमण करवाया गया। यह आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के निर्देशन में कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग ने करवाया। विद्यार्थियों को कंपनी की कार्य संस्कृति और कंपनी की ओर से वर्तमान में काम की जा रही तकनीकों से परिचित करवाया। सत्र की शुरूआत परिसर के दौरे और ईशान की ओर से परिचयात्मक व्याख्यान के साथ हुई। इसका समापन सुनील ओहरी ने किया। उन्होंने छात्रों को बुनियादी ढांचे, काम करने के माहौल और डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग, वेब डिजाइनिंग आदि जैसी तकनीकों से परिचित करवाया और बताया कि कैसे छात्र नौकरी के बाजार में उपयुक्त करियर तलाशने के लिए खुद को बेहतर बना सकते हैं। छात्र उत्साहित थे क्योंकि यह उनके लिए बहुत ही संवादात्मक और जानकारीपूर्ण दौरा था। संवाद